आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 25.08.2025
समय 1305

मुख्य समाचार :–

- खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा– भारत का 2047 तक दुनिया के शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में शामिल होने का लक्ष्य।
- पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल, राजीव स्वरूप ने पिरान कलियर में चल रहे सालाना उर्स के मद्देनज़र सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।
- हैदराबाद में आयोजित मैराथन में चमोली जिले की भागीरथी बिष्ट ने स्वर्ण पदक जीता।
- प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी।

खेल मंत्री

खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने कहा है कि भारत का 2047 में आजादी की शताब्दी तक दुनिया के शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में शामिल होने का लक्ष्य है। अहमदाबाद में राष्ट्रमंडल भारोत्तोलन चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह में श्री मांडविया ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में खेल क्षेत्र में अभूतपूर्व प्रगति हुई है।

सुरक्षा जायजा

पुलिस महानिरीक्षक, गढ़वाल, राजीव स्वरूप ने हरिद्वार में पिरान कलियर में चल रहे सालाना उर्स के मद्देनज़र दरगाह क्षेत्र का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर सुरक्षा के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। पुलिस महानिरीक्षक ने संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने और सीसीटीवी कैमरों की निगरानी बढ़ाने के निर्देश दिए। इसके अलावा यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने, भीड़ प्रबंधन और स्थानीय प्रशासन के साथ समन्वय पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि उर्स में देशभर से आने वाले जायरीन की सुरक्षा व्यवस्था सर्वोच्च प्राथमिकता है और किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

थराली आपदा

चमोली जिले के आपदा प्रभावित थराली में जन–जीवन धीरे–धीरे सामान्य हो रहा है। थराली से चेपड़ो तक सड़क मार्ग खोल दिया गया है। चेपड़ो में आए भारी मलबे को हटाने के लिए सेना, एनडीआरएफ एसडीआरएफ, आईटीबीपी और प्रशासन की टीम युद्ध स्तर पर काम कर रही है।

आपदा पीड़ितों को कुलसारी पालीटेक्निक कॉलेज में ठहराये जाने के बाद उनके रहने खाने की व्यवस्थाओ के साथ आवश्यक वस्तुएं भी पंहुचाई गई हैं। वहीं, उप जिला अस्पताल कर्णप्रयाग में आपदा पीड़ित दो घायलों का इलाज किया जा रहा है। सी.एम.एस भगवती प्रसाद ने बताया कि घायलों की स्थिति सामान्य है और उन्हें उचित स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

आधार शिविर

पौड़ी की जिलाधिकारी स्वाति एस. भदौरिया के निर्देश पर एकेश्वर ब्लॉक में दो दिवसीय विशेष आधार शिविर आयोजित किया। इस अवसर पर ग्रामीणों को उनके क्षेत्र में ही आधार संबंधी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। पहले दिन 67 और दूसरे दिन 43 लोगों के नए आधार कार्ड बनाए गए और अपडेट भी किए गए। पहले दिन अधिक संख्या में आवेदन होने के कारण दूसरे दिन भी शिविर का आयोजन किया गया। गौरतलब है कि पिछले दिनों चौबट्टाखाल में तहसील दिवस के दौरान ग्रामीणों ने आधार सेवाओं की कमी और कार्ड बनाने में आ रही कठिनाई की शिकायत की थी। जिलाधिकारी ने मामले का संज्ञान लेते हुए उपजिलाधिकारी को तत्काल एकेश्वर ब्लॉक में शिविर लगाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रशासन का लक्ष्य है कि हर नागरिक को सुविधाएं उनके निकट उपलब्ध हों और किसी को अनावश्यक परेशानी न उठानी पड़े। उन्होंने बताया कि इस तरह की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी, ताकि जनता को समय पर सेवा मिल सके।

सत्यापन अभियान

हरिद्वार जिले में आपराधिक घटनाओं की रोकथाम और सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली सिडकुल क्षेत्र में भी व्यापक सत्यापन अभियान चलाया गया। अभियान नवोदय नगर, शिवम विहार, रोशनाबाद में संचालित किया गया। प्रभारी निरीक्षक मनोहर भंडारी ने बताया कि इस दौरान कुल 105 मकानों में निवासियों का सत्यापन किया गया। जांच में 26 मकान मालिकों द्वारा किरायेदारों का सत्यापन न कराए जाने की पुष्टि होने पर उनके विरुद्ध कुल 2 लाख 60 हजार रुपए के चालान किए गए।

स्वर्ण पदक

हैदराबाद में आयोजित मैराथन में चमोली जिले में देवाल ब्लाक के दूरस्थ गांव वाण की भागीरथी बिष्ट ने पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया है। भागीरथी को स्वर्ण पदक के साथ तीन लाख रुपये की धनराशि से पुरस्कृत किया गया है। 23 वर्षीय भागीरथी की इस उपलब्धि पर क्षेत्र में खुशी का माहौल है। उनके कोच सुनील शर्मा ने बताया कि भागीरथी बिष्ट ने 42 किलोमीटर दौड़ करीब दो घंटा 51 मिनट में पूरी कर पहला स्थान प्राप्त किया। भागीरथी ने बताया कि इससे पूर्व उन्होंने ईरान में भी 42 किलोमीटर मैराथन में भाग लिया है। इसके अलावा देश के अगल अलग हिस्सों में उन्होंने कई मैराथन में भाग लेकर पहला स्थान प्राप्त किया है।

## मौसम

प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में रुक–रुक बारिश का दौर जारी है। बारिश के कारण हो रहे भूस्खलन से पर्वतीय क्षेत्रों में कईं स्थानों पर सड़कें आवाजाही के लिये अवरूद्ध हैं, जिन्हें खोलने के प्रयास जारी हैं। मौसम विभाग ने आज देहरादून और उत्तरकाशी जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। जबकि टिहरी, पौड़ी, चमोली, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, नैनीताल और पिथौरागढ़ जिलों में कहीं–कहीं भारी बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। भारी बारिश की चेतावनी के मद्देनजर देहरादून, चमोली, उत्तरकाशी और बागेश्वर जिले में सभी स्कूल और आगनबाड़ी केंद्र बंद रहे।

## सौंग बांध

देहरादून शहर और आस–पास के इलाकों को शुद्ध पेयजल आपूर्ति करने के लिए टिहरी और देहरादून जिलों की सीमा पर सौंग नदी पर बांध बनाया जा रहा है। इस बांध के बनने से टिहरी जिले के 28 और देहरादून जिले के दो परिवार पूरी तरह प्रभावित हैं, जिन्हें विभाग द्वारा रानी पोखरी में भूमि आवंटन करने की कार्रवाई चल रही है। टिहरी की जिलाधिकारी नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में सौंग बांध परियोजना से प्रभावित तहसील धनोल्टी के ग्राम घुड़सालगांव, रगड़गांव और ग्वाली डांडा चक सौंदणा के भूमि अर्जन प्रस्ताव पर प्रभावित काश्तकारों द्वारा प्रस्तुत आपत्तियों की सुनवाई की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि जिला स्तर पर बांध प्रभावितों की समस्याओं का निराकरण 10 दिनों के भीतर किया जाएगा, जबकि नीति निर्णय का प्रस्ताव शासन को प्रेषित किया जाएगा।

जिलाधिकारी ने कहा कि यहां पर सड़क सुधारीकरण के लिए संबंधित विभाग की निर्देशित किया गया है।

## दिवारा यात्रा

रुद्रप्रयाग जिले में कालीमठ घाटी के शीर्ष पर चौरा नामक सिद्धपीठ पर विराजमान भगवती चामुण्डा देवी की पहले चरण की दिवारा यात्रा 15 वर्षों बाद विधिवत शुरू हो गयी है। दिवारा यात्रा के आयोजन से कालीमठ घाटी का वातावरण भक्तिमय बना हुआ। यात्रा के शुभारंभ अवसर पर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल, जाल मल्ला, जाल तल्ला, चौमासी, चिलौण्ड और खोन्नू सहित कालीमठ घाटी के दर्जनो गांवो के भक्तों ने शामिल होकर पुण्य अर्जित किया। भगवती चामुण्डा की दिवारा यात्रा चार चरणों मे चारों दिशाओं का भ्रमण करेगी। इसके बाद विशाल महायज्ञ के आयोजन के साथ दिवारा यात्रा का समापन होगा।